**INTERMEDIATE EXAMINATION – 2021 (ANNUAL)**

**HINDI (Model Set)**

**306**

**Time : 03 Hrs. 15 Minutes** **Full Marks : 100**

**समय : 03 घंटे 15 मिनट** **पूर्णांक : 100**

**कुल प्रश्नों की संख्या – 100 + 6 = 106**

**(हिन्दी)**

**I.A. – LL-HINDI (OPT)**

*परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :–*

1. परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।
2. दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।
3. इस प्रश्न–पत्र को ध्यानपूर्वक पढ़ने के लिए 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।
4. यह प्रश्न–पत्र दो खण्डों में है, खण्ड–अ एवं खण्ड–ब।
5. खण्ड–अ में 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, इनमें से किन्हीं 50 प्रश्नों का उत्तर देना है। यदि कोई परीक्षार्थी 50 से अधिक प्रश्नों के उत्तर देते हैं तो प्रथम 50 प्रश्नों का ही मूल्यांकन किया जायगा। प्रत्येक के लिए 1 अंक निर्धारित है। इनका उत्तर उपलब्ध कराये गये OMR–उत्तर पत्रक में दिये गये सही वृत्त को काले/नीले बॉल पेन से भरें। किसी भी प्रकार के ह्वाइटनर/तरल पदार्थ/ब्लेड/नाखून आदि का उत्तर–पुस्तिका में प्रयोग करना मना है, अन्यथा परीक्षा परिणाम अमान्य होगा।
6. खण्ड–ब में कुल 6 विषयनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के समक्ष अंक निर्धारित हैं।
7. किसी तरह के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का प्रयोग पूर्णतया वर्जित है।



BiharboardQuestionpaper.com

## खण्ड–अ

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

प्रश्न संख्या 1 से 100 तक के प्रत्येक वस्तुनिष्ठ प्रश्न के साथ चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से कोई एक सही है। इन 100 प्रश्नों में से किन्हीं 50 प्रश्नों के अपने द्वारा चुने गए सही विकल्प को OMR–उत्तर पत्रक पर चिह्नित करें। 50x1=50

1. 'स्नेहमग्न' शब्द कौन समास है ?

(A) बहुब्रीहि (B) तत्पुरूष

(C) कर्मधारय (D) द्वन्द्व

2. 'विक्रमादित्य' शब्द का संधि–विच्छेद है –

(A) विक्रमा + दित्य (B) विक्रम + आदित्य

(C) विक्र + आदित्य (D) विक्रमादि + त्य

3. शुद्ध वाक्य है –

(A) साहित्य और जीवन का घोर संबंध है।

(B) आपका पत्र सधन्यवाद सहित मिला।

(C) हमारी सौभाग्यवती कन्या का विवाह होने जा रहा है।

(D) हमारी आयुष्मती कन्या का विवाह होने जा रहा है।

4. 'घोड़ा' शब्द कौन संज्ञा है?

(A) जातिवाचक (B) व्यक्तिवाचक

(C) भाववाचक (D) समूहवाचक


BiharboardQuestionpaper.com

5. 'उन्नायक' शब्द का संधि–विच्छेद है –

(A) उन + नायक (B) उ + न्नायक

(C) उत् + नायक (D) उन्ना + यक

6. 'नदी' शब्द है –

(A) स्त्रीलिंग (B) पुल्लिंग

(C) उभय लिंग (D) इनमें से कोई नहीं

7. 'श्याम ने मिठाई खाई' – कौन कारक है ?

(A) करण कारक (B) कर्त्ता कारक

(C) सम्प्रदान कारक (D) अपादान कारक

8. 'अनुराग' शब्द का विलोम होगा –

(A) निराग (B) चिराग

(C) विराग (D) द्विराग

9. 'यथार्थ' शब्द का संधि–विच्छेद है –

(A) यथा + र्थ (B) यथ + अर्थ

(C) यथा + अर्थ (D) यथा + रथ

10. 'पदबंध' के कितने प्रकार हैं ?

(A) दो (B) तीन

(C) चार (D) पाँच

11. 'मोर' शब्द का पर्यायवाची है –

(A) सारंग (B) उरग

(C) अहि (D) कार्तण्ड


BiharboardQuestionpaper.com

12. 'प्रकाश' शब्द का लिंग निर्णय करें –

(A) स्त्रीलिंग
(B) पुल्लिंग
(C) उभयलिंग
(D) इनमें से कोई नहीं

13. बनावट के अनुसार शब्द के कितने भेद हैं ?

(A) दो
(B) चार
(C) तीन
(D) छह

14. 'यहाँ से चले जाओ'–वाक्य है –

(A) प्रश्नवाचक
(B) आज्ञाबोधक
(C) विस्मयादिबोधक
(D) संकेतवाचक

15. 'अपने पाँव पर आप कुल्हाड़ी मारना' मुहावरे का अर्थ है –

(A) कुल्हाड़ी से मारना
(B) अपनी हानि आप करना
(C) कुल्हाड़ी से काटना
(D) अपना मतलब निकालना

16. 'बालक' शब्द में प्रत्यय है –

(A) क
(B) अक
(C) लक
(D) अलक

17. 'बदनाम' शब्द में उपसर्ग है –

(A) ब
(B) अद
(C) बदना
(D) बद

18. 'रात हुई और तारे निकले' वाक्य है –

(A) सरल वाक्य
(B) साधारण वाक्य
(C) संयुक्त वाक्य
(D) मिश्र वाक्य


BiharboardQuestionpaper.com

19. 'महात्मा' शब्द कौन समास है ?

(A) बहुब्रीहि समास
(B) कर्मधारय समास
(C) द्वन्द्व समास
(D) तत्पुरूष समास

20. 'इसे कौन न स्वीकार करेगा'–सर्वनाम है –

(A) अनिश्चयवाचक
(B) संबंधवाचक
(C) प्रश्नवाचक
(D) निजवाचक

21. 'नववधू' शब्द कौन समास है ?

(A) कर्मधारय समास
(B) तत्पुरूष समास
(C) बहुब्रीहि समास
(D) अव्ययीभाव समास

22. 'मैदान' शब्द का विशेषण है –

(A) मैदाना
(B) मदानी
(C) मैदानी
(D) मैदोना

23. 'पढ़ने योग्य' – के लिए एक शब्द है –

(A) पठन
(B) पठनीय
(C) पढ़ाकू
(D) पठ

24. 'भला' शब्द कौन विशेषण है –

(A) संख्यावाचक विशेषण
(B) सार्वनामिक विशेषण
(C) गुणवाचक विशेषण
(D) परिमाणबोधक विशेषण

25. 'व्याकुल' शब्द का संधि–विच्छेद है –

(A) वि + आकुल
(B) व्या + कुल
(C) विया + कुल
(D) व्याकु + ल


BiharboardQuestionpaper.com

26. 'विशेष' शब्द का विलोम है –

(A) अविशेष (B) अलिप्त

(C) सामान्य (D) अव्यशेष

27. 'पेट में चूहे कूदना'– मुहावरे का अर्थ होगा –

(A) चूहा दौड़ना (B) चूहा पालना

(C) चूहा मारना (D) जोर की भूख

28. 'फैसला' शब्द है –

(A) देशज (B) विदेशज

(C) तत्सम (D) तद्भव

29. 'जिसे भय नहीं है' – का एक शब्द है –

(A) निभय (B) अभय

(C) निर्भीक (D) बेभय

30. रचना की दृष्टि से क्रिया के कितने भेद होते हैं ?

(A) एक (B) दो

(C) तीन (D) चार

31. जिसके रूप में लिंग, वचन, पुरूष, कारक, काल आदि के कारण कोई विकार उत्पन्न नहीं होता है, उसे कहते हैं –

(A) क्रिया (B) अव्यय

(C) विशेषण (D) सर्वनाम

32. 'गिरोह' शब्द कौन संज्ञा है ?

(A) समूहवाचक (B) जातिवाचक


BiharboardQuestionpaper.com

(C) व्यक्तिवाचक (D) भाववाचक

33. 'अज्ञान' शब्द कौन समास है ?

(A) तत्पुरूष समास (B) कर्मधारय समास

(C) द्विगु समास (D) नञ् समास

34. 'वह कौन है, जो वहाँ भाषण दे रहा है'– सर्वनाम है –

(A) निश्चयवाचक (B) अनिश्चयवाचक

(C) संबंधवाचक (D) प्रश्नवाचक

35. 'क्रोध' शब्द का पर्यायवाची है –

(A) तूफान (B) कंज

(C) कोप (D) खर

36. 'सम्पूर्ण क्रान्ति' किस लेखक की रचना है ?

(A) जयप्रकाश नारायण (B) रामधारी सिंह दिनकर

(C) बालकृष्ण भट्ट (D) चन्द्रधर शर्मा गुलेरी

37. 'सुदृढ़ गोष्ठी' किसे कहते हैं ?

(A) चबूतरे पर बैठकर आपस में बात करने को

(B) स्कूली लड़कों की बातचीत को

(C) यूरोप के काव्यकला प्रवीण विद्वनमंडली को

(D) दो बुढ़ियों की बातचीत को

38. लहना सिंह के भतीजे का क्या नाम था ?

(A) कीरत सिंह (B) तीरत सिंह

(C) जीमन सिंह (D) इनमें से कोई नहीं



BiharboardQuestionpaper.com

39. 'उसने कहा था' कहानी में पलटन का विदूषक कौन था ?

(A) लहना सिंह (B) वजीरा सिंह

(C) हजारा सिंह (D) कीरत सिंह

40. निम्न में से कौन लेखक थियोसोफिकल सोसाइटी से जुड़े हुए थे ?

(A) बालकृष्ण भट्ट (B) जे0 कृष्णमूर्ति

(C) मलयज (D) उदय प्रकाश

41. उदय प्रकाश किस पत्रिका के सहायक सम्पादक थे?

(A) ब्लिज (B) संडेमेल

(C) इस्टर्न स्टार (D) इंडिया टूडे

42. 'शिक्षा' पाठ के रचयिता कौन हैं ?

(A) मोहन राकेश

(B) सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन अज्ञेय

(C) मलयज

(D) जे0 कृष्णमूर्ति

43. 'तिरिछ' कहानी किस शैली में लिखी गयी है ?

(A) यात्रावृतांत में (B) आत्मकथात्मक शैली में

(C) संस्मरण में (D) फंतासी में

44. मलयज का मूल नाम है –

(A) नरपत श्रीवास्तव (B) राहुल श्रीवास्तव

(C) निर्मल जी श्रीवास्तव (D) भरत जी श्रीवास्तव

45. देहरादून में अप्रेंटिस की नौकरी किस लेखक ने की ?


BiharboardQuestionpaper.com

(A) ओमप्रकाश वाल्मीकि ने	(B) भगत सिंह ने

(C) मलयज ने	(D) नामवर सिंह ने

46. नामवर सिंह द्वारा लिखित 'प्रगीत और समाज' क्या है?

(A) एकांकी	(B) आत्मकथा

(C) यात्रावृतांत	(D) निबंध

47. मोहन राकेश के बचपन का नाम क्या था ?

(A) मदन मोहन गुगलानी	(B) जयवीर गुगलानी

(C) त्रिपुरारी गुगलानी	(D) शिवसरण गुगलानी

48. ''बालू की डगरों के बीच खोई सी रह गई हैं ये धाराएँ जो कभी वनश्री के ढके वक्षस्थल में किलकती रहती थीं।''— प्रस्तुत पंक्ति किस पाठ की है ?

(A) 'सिपाही की माँ'	(B) 'ओ सदानीरा'

(C) 'जूठन'	(D) 'बातचीत'

49. जगदीशचंद्र माथुर द्वारा लिखा गया 'ओ सदानीरा' कैसा निबंध है?

(A) व्यंग्यात्मक है	(B) व्यक्ति, भाव और वस्तु प्रधान है

(C) हास्य प्रधान है	(D) लालित्य प्रधान है

50. सूरदास किस भाषा के महान कवि हैं ?

(A) राजस्थानी	(B) ब्रजभाषा

(C) खड़ी बोली	(D) अवधी

51. दीक्षा गुरू वल्लभाचार्य से दीक्षित होने के पूर्व सूरदास कैसे पद गाया करते थे ?

(A) दास्य, विनय और दैन्य भाव के	(B) हास्य और व्यंग्य भाव के

(C) शांत भाव के	(D) करूण भाव के


BiharboardQuestionpaper.com

52. कवि नाभादास किसके समकालीन थे ?

(A) अज्ञेय जी के
(B) पंतजी के
(C) निराला जी के
(D) तुलसीदास के

53. कवि भूषण के दो प्रिय नायक कौन–कौन है ?

(A) अशोक और अजातशत्रु
(B) चाणक्य और चन्द्रगुप्त
(C) छत्रपति शिवाजी और महाराज छत्रसाल
(D) घनानंद और शकटार

54. 'कामायनी' जयशंकर प्रसाद की कैसी कृति हैं ?

(A) महाकाव्य
(B) प्रबंध काव्य
(C) खण्ड काव्य
(D) सम्पूर्ण काव्य

55. जयशंकर प्रसाद जी का जन्म कहाँ हुआ था ?

(A) वाराणसी में
(B) गया में
(C) राँची में
(D) मुगलसराय में

56. 'प्रतिध्वनि' कथा संग्रह किसकी रचना है ?

(A) सुमित्रानंदन पंत
(B) सूर्यकांत त्रिपाठी निराला
(C) हरिवंश राय बच्चन
(D) जयशंकर प्रसाद

57. सुभद्रा कुमारी चौहान के जीवन रूपों की एक ही मूल प्रेरणा, एक ही लक्ष्य, एक ही रंग दिखलाई पड़ता है, वह है –

(A) पारिवारिक स्वतंत्रता
(B) राष्ट्रीय स्वतंत्रता
(C) सामाजिक स्वतंत्रता
(D) वैयक्तिक स्वतंत्रता

58. युवा कवि के रूप में ज्ञानेन्द्रपति का उदय कब हुआ?

(A) बीसवीं शती के पहले दशक में
(B) बीसवीं शती के दूसरे दशक में

BiharboardQuestionpaper.com



BiharboardQuestionpaper.com

(C) बीसवीं शती के तीसरे दशक में (D) बीसवीं शती के आठवें दशक में

59. 'प्यारे नन्हें बेटे को' शीर्षक कविता किस कविता संकलन से ली गई है ?

(A) आत्महत्या के विरूद्ध

(B) भूरी–भूरी खाक धूल से

(C) मुकुल से

(D) वह आदमी नया गरम कोट पहनकर चला गया विचारों की तरह

60. तुलसीदास का विवाह किनसे हुआ था ?

(A) रत्नावली से (B) रचनावली से

(C) दुर्गावती से (D) कलावती से

61. बालकृष्ण भट्ट प्रारंभ में किस विषय का अध्ययन किए ?

(A) विज्ञान (B) संस्कृत

(C) हिन्दी (D) उर्दू

62. लहना सिंह कहाँ के रहनेवाले थे ?

(A) माँझे के (B) मगरे के

(C) गुरूबाजार के (D) नगरकोट के

63. जयप्रकाश नारायण किस आंदोलन के क्रम में जेल गए ?

(A) नौसैनिक विद्रोह (B) बंगभंग आंदोलन

(C) सविनय अवज्ञा आंदोलन (D) चुआड़ आंदोलन

64. जयप्रकाश नारायण मार्क्सवादी कब बने थे ?

(A) 1922 ई0 में (B) 1924 ई0 में

(C) 1925 ई0 में (D) 1926 ई0 में


BiharboardQuestionpaper.com

65. 'कामिनी तो अपने साथ यामिनी की शांति लाती है'– किस शीर्षक पाठ की यह पंक्ति है ?

(A) सिपाही की माँ
(B) रोज
(C) जूठन
(D) अर्धनारीश्वर

66. मालती के पति का क्या नाम है ?

(A) सुरेश्वर
(B) दिनेश्वर
(C) रामेश्वर
(D) महेश्वर

67. 'रोज' शीर्षक कहानी में टिटी किसके शरीर से चिपक कर चुप हो गया था ?

(A) महेश्वर के
(B) लेखक के
(C) मालती के
(D) इनमें से किसी के नहीं

68. जब देश के भाग्य का निर्णय हो रहा हो तो व्यक्तियों के भाग्य को पूर्णतया –

(A) याद करना चाहिए
(B) भुला देना चाहिए
(C) पकड़ना चाहिए
(D) मन में बैठा लेना चाहिए

69. कर्णाट वंश के राजा थे –

(A) राजा रमण सिंह देव
(B) राजा लक्ष्मण सिंह देव
(C) राजा राज सिंह देव
(D) राजा हरि सिंह देव

70. 'ओ सदानीरा' शीर्षक पाठ के अनुसार – चंपारण में गाँधीजी के चमत्कार की कथा किसने लिखी है ?

(A) राजेन्द्र बाबू ने
(B) देवदास गाँधी ने
(C) रामनौमी प्रसाद ने
(D) बवनजी गोखले ने

71. 'सिपाही की माँ' एकांकी में आँगन के बीचोबीच क्या पड़ी है ?


BiharboardQuestionpaper.com

(A) चौकी (B) कुर्सी

(C) खस्ताहाल चारपाई (D) मोढ़ा

72. 'जूठन' शीर्षक आत्मकथा में मरे हुए पशु की खाल कहाँ बिक जाती थी ?

(A) बरला में (B) चंदौली में

(C) मुजफ्फरनगर के चमड़ा बाजार में (D) शाहजहाँपुर में

73. 'अखरावट' किस कवि की रचना है ?

(A) मलिक मुहम्मद जायसी (B) भूषण

(C) तुलसीदास (D) नाभादास

74. 'कछुक खात, कछु धरनि गिरावत' – यह पंक्ति किस कविता की है ?

(A) छप्पय (B) पद (तुलसीदास)

(C) पद (सूरदास) (D) कवित्त

75. तुलसीदास का जन्म कब हुआ था ?

(A) 1544 ई0 (B) 1543 ई0

(C) 1545 ई0 (D) 1546 ई0

76. नाभादास ने ज्ञानार्जन कैसे किया ?

(A) विद्यालय द्वारा (B) शिक्षक द्वारा

(C) सत्संग द्वारा (D) महात्मा द्वारा

77. किनके आचार्य रूप पर कवि रूप भारी पड़ गया ?

(A) तुलसीदास के (B) भूषण के

(C) ज्ञानेंद्रपति के (D) रघुवीर सहाय के

78. जयशंकर प्रसाद ने किस उपनाम से ब्रजभाषा में सवैयों की रचना की ?


BiharboardQuestionpaper.com

(A) गंगाधर (B) गजाधर

(C) कृपाधर (D) कलाधर

79. स्वाधीनता संघर्ष में किनकी सक्रिय भागीदारी रही ?

(A) रघुवीर सहाय की (B) ज्ञानेंद्रपति की

(C) सुभद्रा कुमारी चौहान की (D) विनोद कुमार शुक्ल की

80. 'सुकून की तलाश' किसकी रचना है ?

(A) जयशंकर प्रसाद (B) गजानन माधव मुक्तिबोध

(C) रघुवीर सहाय (D) शमशेर बहादुर सिंह

81. 'अधिनायक' कैसी कविता है ?

(A) गद्य कविता (B) व्यंग्य कविता

(C) पद्य कविता (D) छायावादी कविता

82. 'भिनसार' कविता–संग्रह किसकी रचना है ?

(A) अशोक वाजपेयी (B) रघुवीर सहाय

(C) ज्ञानेंद्रपति (D) भूषण

83. अशोक वाजपेयी की कविता इनमें से कौन है ?

(A) गाँव का घर (B) हार–जीत

(C) उषा (D) जन–जन का चेहरा एक

84. किन विधाओं में विनोद कुमार शुक्ल का अवदान अप्रतिम है ?

(A) कवि और कथाकार (B) अभिनेता और गायक

(C) नर्तक और तबला वादक (D) बाँसुरी वादक और लेखक


BiharboardQuestionpaper.com

85. कहाँ जानेवाली सड़क पर किसानों और उनकी पत्नियों का सैलाब उमड़ पड़ा था ?

(A) फ्रांस जानेवाली सड़क पर
(B) गोदरविल जानेवाली सड़क पर
(C) मार्सिले जानेवाली सड़क पर
(D) बोर्डो जानेवाली सड़क पर

86. 'घ' का उच्चारण स्थान क्या है ?

(A) तालु
(B) मूर्द्धा
(C) कंठ
(D) दंत

87. इनमें शुद्ध शब्द है –

(A) निर्दयी
(B) मंत्रीवर
(C) राजपथ
(D) योगीवर

88. 'संसार' शब्द का संधि–विच्छेद है –

(A) सन + सार
(B) सम् + सार
(C) सं + सार
(D) संसा + र

89. 'दल' शब्द कौन संज्ञा है ?

(A) द्रव्यवाचक
(B) जातिवाचक
(C) समूहवाचक
(D) व्यक्तिवाचक

90. 'रोटी' शब्द का लिंग निर्णय करें –

(A) स्त्रीलिंग
(B) पुल्लिंग
(C) उभयलिंग
(D) इनमें से कोई नहीं

91. 'चूहा बिल से बाहर निकला' – किस कारक का उदाहरण है ?

(A) संबंधकारक
(B) अपादानकारक


BiharboardQuestionpaper.com

(C) सम्प्रदानकारक (D) अधिकरणकारक

92. 'सुगम' शब्द में उपसर्ग है –

(A) स (B) सु

(C) सुग (D) सूग

93. 'भिक्षुक' शब्द में प्रत्यय है –

(A) क (B) क्षुक

(C) उक (D) क्षूक

94. 'राजदरबार' शब्द कौन समास है ?

(A) तत्पुरूष (B) बहुब्रीहि

(C) द्विगु (D) द्वन्द्व

95. 'उसने कहा कि मैं निर्दोष हूँ' – किस वाक्य का उदाहरण है ?

(A) सरल वाक्य (B) मिश्र वाक्य

(C) संयुक्त वाक्य (D) इनमें से कोई नहीं

96. 'आग' का पर्यायवाची है –

(A) अमिय (B) अरविंद

(C) आगार (D) अनल

97. 'आयात' शब्द का विलोम है –

(A) उन्नति (B) प्रदान

(C) उदय (D) निर्यात

98. 'जिसके आने की तिथि न हो'– के लिए एक शब्द है –

(A) अतीत (B) अल्पज्ञ


BiharboardQuestionpaper.com

(C) अतिथि (D) अनुपम

99. 'बात तक न पूछना' मुहावरे का अर्थ है –

(A) बहाना करना (B) निरादर करना

(C) पागल हो जाना (D) सिर में दर्द होना

100. विशेषण के कितने भेद होते हैं ?

(A) चार (B) पाँच

(C) छह (D) सात

## खण्ड – ब

### (विषयनिष्ठ प्रश्न)

*विषयनिष्ठ प्रश्न कुल 50 (पच्चास) अंकों का होगा।*

1. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखें– 1 X 8 =8

   i. बाढ़
   ii. विकलांग समस्या
   iii. स्वावलम्बन
   iv. देशभक्ति
   v. छात्र और अनुशासन
   vi. बकरीद

2. निम्नलिखित में से किन्हीं दो अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या करें 2 X 4 = 8



BiharboardQuestionpaper.com

(क). ''जैसे जब मेरी फीस की बात आई थी, उस समय हमारे पास का आखिरी गिलास भी गुम हो गया था और सब लोटे में पानी पीते थे।''

(ख). ''एक कलाकार के लिए यह निहायत जरूरी है कि उसमें 'आग' हो – और वह खुद ठंढा हो।''

(ग). ''पत्नी याद दिलाएगी

जैसे समझाएगी बिटिया को
बाल्टी, सामने कुएँ में लगी लोहे की घिर्री,
छत्ते की काड़ी–डंडी और घमेला,
हँसिया चाकू और
भिलाई बलाडिला
जगह–जगह लोहे की टीले।''

(घ). ''लागति लपकि कंठ बैरिन के नागिनी सी,
रूद्रहि रिझावै दै दै मुंडन की माल को।''

3. अपने छोटे भाई के पास कोरोना महामारी जैसी बीमारी से बचाव का उल्लेख करते हुए एक पत्र लिखें। 1 X 5 = 5

अथवा

दस दिनों की छुट्टी के लिए अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य के पास एक आवेदन पत्र लिखें।

4. निम्नांकित प्रश्नों में से किन्हीं पाँच के उत्तर दें। 5 X 2 = 10


BiharboardQuestionpaper.com

(i). जीवन में विद्रोह का क्या स्थान है ?

(ii). थानू कौन था? लेखक के साथ उसका क्या संबंध था ?

(iii). किस तारीख की डायरी आपको सबसे प्रभावी लगी और क्यों ?

(iv). किन बातों को सोचकर लेखक (ओमप्रकाश वाल्मीकि) के भीतर काँटे जैसे उगने लगते हैं ?

(v). मनुष्य की बातचीत का उत्तम तरीका क्या हो सकता है?

(vi). 'बाजा बजाना' का क्या अर्थ है ?

(vii). दूसरे पद में तुलसीदास जी ने दीनता और दरिद्रता दोनों का प्रयोग क्यों किया है ?

(viii). 'कबीर कानि राखी नहीं' से क्या तात्पर्य है ?

(ix). बरसात को 'सरस' कहने का क्या अभिप्राय है ?

(x). 'उषा' का जादू कैसा है ?

5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर दें : 3 X 5 =15

(i). 'बातचीत' निबंध की क्या विशेषताएँ हैं ?

(ii). 'लहना सिंह का दायित्व बोध और उसकी बुद्धि दोनों ही स्पृहणीय हैं' – इस कथन की पुष्टि करें।

(iii). अर्धनारीश्वर की कल्पना क्यों की गई होगी? आज इसकी क्या सार्थकता है?


BiharboardQuestionpaper.com

(iv). सर्कस का प्रकाश–बुलौआ किन कारणों से मरा होगा ?

(v). ज्वाला कहाँ से उठती है ? कवि ने इसे अतिक्रुद्ध क्यों कहा है ?

(vi). 'प्यारे नन्हे बेटे को' शीर्षक कविता का सारांश अपने शब्दों में लिखें।

6. निम्नलिखित अवतरणों में से किसी एक का संक्षेपण कीजिए– 1 X 4 = 4

क. वर्तमान युग में जिस भीषणता के साथ जीवन संघर्ष चल रहा है, उसमें वह व्यक्ति कभी भी विजयी नहीं हो सकता जो चुपचाप बैठकर अति दीर्घ काल तक सोचता–विचारता रहेगा। यहाँ तो वही टिक सकता है, जिसमें काफी स्फूर्ति है, जो दूसरों को ढकेलकर आगे बढ़ सकता है। नहीं तो जो उससे ताकतवर है उसे किनारे ढकेल देगा और आप आगे बढ़ जाएगा। अगर तुम इस जीवन में कुछ करना चाहते हो, अगर तुम्हें अपना जीवन सफल बनाना है, तो तुम्हें प्रत्युत्पन्नमति होना चाहिए और उसपर जमकर काम करना चाहिए। जिस व्यक्ति में ये गुण पाये जाते हैं, उसमें अन्य गुणों का समावेश भी रहता है।

ख. हमारे सपनों की इमारतों के सुनहरे गुम्बद कितने मोहक होते हैं। दूर के सौन्दर्यमंडित पर्वत–शिखर की तरह वे हमारी आँखों में समा जाते हैं और बरबस हमें अपनी ओर खींचते हैं। मगर जितना ही हम उनके निकट पहुँचने की कोशिश करते हैं, वे उतने ही दूर नजर आने लगते हैं। थककर अक्सर हम हताश हो जाते हैं, कभी–कभी नये रास्तों पर भी चलने लगते हैं। इसे इन्सान की कमजोरी ही समझना चाहिए, क्योंकि कर्म की सार्थकता फल में नहीं कर्मण्यता में है, उस पुरूषार्थ में है जो एक–एक कदम की गति, एक–एक इंच


BiharboardQuestionpaper.com

की चढ़ाई का आनन्द लेता है। वास्तव में चढ़ाई के प्रयत्न का सुख अपने–आप में इतना मीठा है कि उसकी तृप्ति की कोई सीमा नहीं।

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...

BiharboardQuestionpaper.com

अभी विजिट करें ..